डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/4-357/2024-26
मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन
Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in
हिन्दी/पाक्षिक
प्रकाशन दिनांक 1 अगस्त, 2024, डिस्पेच दिनांक 1 अगस्त, 2024

| वर्ष 68 | अंक 05 | भोपाल | 1 अगस्त, 2024 | पृष्ठ 12 | एक प्रति 7 रु. | वार्षिक शुल्क 150/- | आजीवन शुल्क 1500/- |

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बजट 2024-25 की सराहना करते हुए इसे जनहितैषी और विकास हितैषी बताया

यह बजट मोदी सरकार का देशवासियों की आशा, आकांक्षा व विश्वास पूर्ति के संकल्प का प्रतिबिम्ब है

बजट 2024-25 है Pro-people and pro-development

इस दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बहुत-बहुत बधाई

यह बजट देश के आर्थिक विकास को नई ऊँचाई देने की मोदी जी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है

बजट नारी शक्ति के सामर्थ्य व हौसले को नई ऊँचाई देने वाला

कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये की घोषणा परिवर्तनकारी सिद्ध होगी

'राष्ट्रीय सहकारी नीति' सहकारी आंदोलन को सशक्त और जमीनी स्तर पर इसकी पहुँच को मजबूत करेगी

यह बजट MSME क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार करेगा

बजट भारत के पूर्वी क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व गति देगा

4.10 करोड़ युवाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपये और शीर्ष 500 कंपनियों में 1 करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप देना अभूतपूर्व कदम है

पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान से जनजातीय समाज के 63 हजार गाँवों का होगा विकास

बजट में टैक्स में छूट और नियमों के सरलीकरण से करदाताओं को बहुत आसानी होगी

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बजट 2024-25 की सराहना करते हुए इसे जनहितैषी एवं विकास हितैषी बताया है। श्री अमित शाह ने इस दूरदर्शी बजट के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को बहुत-बहुत बधाई दी।

X प्लेटफॉर्म पर किए गए पोस्ट की एक श्रृंखला में श्री अमित शाह ने कहा, "बजट 2024-25 मोदी जी के नेतृत्व में NDA सरकार का देशवासियों की आशा, आकांक्षा व विश्वास पूर्ति के संकल्प का प्रतिबिम्ब है। यह बजट युवाओं व महिलाओं के सशक्तीकरण के साथ-साथ किसानों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध करवाकर विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। इस बजट के माध्यम से देश की भावी पीढ़ी के आत्मबल को मजबूती देने के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को बधाई देता हूँ।"

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, "यह बजट ईज ऑफ डूइंग बिजनस और Entrepreneurship को और बढ़ावा देकर देश के आर्थिक विकास को नई ऊँचाई देने की मोदी जी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, इस बजट में टैक्स नियमों का भी सरलीकरण किया गया है, जिससे करदाताओं को बहुत आसानी होगी।"

श्री अमित शाह ने कहा, "किसान कल्याण हमेशा से मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार की योजनाओं व नीतियों के केंद्र में रहा है। आज बजट में कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए रुपये 1.52 लाख करोड़ की घोषणा कृषि क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध होने वाली है। साथ ही, इस बजट में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक कृषि के लिए सर्टिफाई करने, 10 हजार बायो-इनपुट सेंटर्स की स्थापना, कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, 400 जिलों में खरीफ फसलों का क्रॉप सर्वे और तिलहनों के लिए एक कार्यनीति का निर्माण जैसे निर्णयों से कृषि क्षेत्र तेजी से आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ेगा।"

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा

सहकारी क्षेत्र को निरंतर विस्तार देकर ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूत बनाने का काम किया जा रहा है। बजट में 'राष्ट्रीय सहकारी नीति' के निर्माण की घोषणा, देश में सहकारी आंदोलन को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर इसकी पहुँच को मजबूत करने का काम करेगी। साथ ही, मत्स्य सहकारिता को झींगा की खेती, प्रसंस्करण और निर्यात के लिए NABARD के माध्यम से वित्तपोषण की सुविधा से नई गति मिलेगी। इन निर्णयों के लिए मैं सभी सहकारी बहनों-भाइयों की ओर से मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ।"

श्री अमित शाह ने कहा कि , "हमारे MSME सेक्टर में मोदी जी के विश्वास को प्रतिबिंबित करते हुए, बजट 2024-25 इस क्षेत्र को एक नई ताकत देता है। निर्यात केन्द्रों, ऋण गारंटी, संकट की अवधि के दौरान बैंक ऋण और क्लस्टरों में SIDBI की नई इकाइयों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, यह क्षेत्र राष्ट्र के लिए आत्मनिर्भरता, मध्यम वर्ग के लिए रोजगार और समृद्धि के एक नए युग की पटकथा लिखते हुए भारत को विनिर्माण क्षेत्र की स्थायी मशीन में बदल देगा।"

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, "बजट 2024-25 बाढ़ से प्रभावित राज्यों के लोगों को बड़ी राहत देने वाला है। बाढ़ प्रभावित बिहार, असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम को आवश्यक राहत प्रदान करते हुए बजट में प्रभावित क्षेत्रों का कायाकल्प करके और बाढ़ की रोकथाम के लिए पर्याप्त प्रावधान कर लोगों के सपनों को नया रूप देने का लक्ष्य रखा गया है। सहृदय से लिए गए इस फैसले के लिए मैं मोदी जी का दिल से आभार व्यक्त करता हूं।"

श्री अमित शाह ने कहा, "देश के पूर्वी क्षेत्र के विकास को नई गति देने हेतु इस बजट में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए 'पूर्वोदय' योजना की घोषणा की गयी है। इस योजना से इन क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर, मानव संसाधन, रोजगार व आर्थिक विकास के अवसरों को नई ऊर्जा मिलेगी और विकसित व आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ये क्षेत्र महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।"

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, "जनजातीय समाज का उत्थान व उनका सशक्तीकरण मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक रहा है। आज बजट में सरकार ने जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए 'पीएम जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान से 63 हजार गाँवों के लगभग 5 करोड़ जनजातीय बहन-भाई लाभान्वित होंगे। इससे न सिर्फ ये गाँव विकास की मुख्यधारा में जुड़ेंगे, बल्कि उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर व अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति से वे आदर्श ग्राम भी बनेंगे।"

श्री अमित शाह ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने पिछले दस वर्षों में बुनियादी ढांचे के विकास का स्वर्णिम युग देखा है। बजट 2024-25 बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक व्यापक पहल के साथ इस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए राज्यों को रु.11,11,111 करोड़ का आवंटन और रु.1.5 लाख करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे से लैस भारत का निर्माण करेगा और लाखों नौकरियां पैदा करेगा।"

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, "मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार नारी शक्ति के सामर्थ्य व हौसले को नई ऊँचाई देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है और इस बजट में Women-led development को बढ़ावा देने के लिए रु. 3 लाख करोड़ से अधिक का आवंटन इसका प्रतिबिंब है। कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए हॉस्टलों और शिशु गृहों की स्थापना, महिला स्वयं सहायता समूह उद्यमियों की बाजार तक पहुँच बढ़ाने, मुद्रा ऋण की सीमा को रु. 10 लाख से बढ़ाकर रु. 20 लाख करने और महिलाओं द्वारा खरीदी गई संपत्तियों पर स्टाम्प शुल्क कम करने की दिशा में राज्यों को प्रोत्साहन देने जैसे निर्णयों के लिए मैं मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ।"

श्री अमित शाह ने कहा, "बजट 2024-25 भारत की आर्थिक वृद्धि को देश की युवा शक्ति के साथ जोड़ने के लिए इतिहास में दर्ज किया जाएगा। इसमें 4.10 करोड़ युवाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करने के लिए 2 लाख करोड़ रुपए का विशाल कोष उपलब्ध कराया गया है, जबकि शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के माध्यम

(शेष पृष्ठ 2 पर)

लाड़ली बहनों को 1250 रुपए के अतिरिक्त सावन में पहली अगस्त को मिलेंगे 250 रुपए : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मंत्री सावन में अपने क्षेत्र की लाड़ली बहनों से राखी बंधवाकर मनाएं रक्षाबंधन

श्रावण मास में श्रद्धालुओं के आवागमन और कानून व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए

वर्षा की स्थिति और नदी व बांधों के बढ़ते जल स्तर के प्रति जागरूक व सतर्क रहें

विकास व जनकल्याण के लिए केंद्रीय बजट से अधिकतम राशि करें प्राप्त

मध्यप्रदेश सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में है शामिल

आर्थिक सर्वेक्षण में प्रदेश के शिक्षण अधिगम, इंदौर सीएनजी प्लांट सहित कई उपलब्धियों का हुआ उल्लेख

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय संस्कृति में सावन माह का विशेष महत्व है। सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे, यह राशि प्रतिमाह जारी होने वाली 1250 रुपए की राशि के अतिरिक्त होगी। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह जारी होने वाले 1250 रुपए पूर्वानुसार उनके खाते में जारी किए जाएंगे। उन्होंने मंत्रीगण से रक्षाबंधन के पर्व पर अपने-अपने क्षेत्र की लाड़ली बहनों से राखी बंधवाने का आहवान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह बात कही।

गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को गुरु परंपरा से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय परंपरा से जुड़े त्योहारों को मनाने का आनंद ही अलग है। इस क्रम में गुरु पूर्णिमा पर स्कूल शिक्षा तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों में गुरुओं के सम्मान के लिए आयोजित कार्यक्रम से प्रदेशवासियों को गुरु परंपरा से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ है। भारतीय त्यौहार परंपरा सामाजिक उद्देश्यों से जुड़ी है। संक्रांति का पर्व नारी सशक्तिकरण और गुड़ी पड़वा को विक्रमोत्सव के रूप में मनाया गया है। इसी क्रम में सावन मास को बहनों के त्यौहार के रूप में मनाया जाएगा। यह गतिविधियां भारतीय संस्कृति के अनुसार त्यौहार मनाने की परंपरा को बनाए रखने में सहायक होंगी।

श्रावण मास में मंदिरों में बढ़ रहा है श्रद्धालुओं का आवागमन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रावण मास में मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ रहा है। सभी मंत्री अपने-अपने क्षेत्र में भक्तों के आवागमन, कानून-व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दें। साथ ही वर्षा काल चलने के कारण नदी व बांधों में बढ़ रहे जल स्तर के संबंध में भी जिला प्रशासन के सतत संपर्क में रहते हुए जागरूक रहे।

महाकौशल में औद्योगिक गतिविधियों और निवेश का वातावरण हुआ निर्मित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में हुई रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव की सफलता के लिए मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों को बधाई दी। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि जबलपुर कॉन्क्लेव के सुखद परिणाम सामने आए हैं। निवेशक के साथ हुई सकारात्मक चर्चा से महाकौशल क्षेत्र तथा प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों और निवेश का परिणाममूलक वातावरण निर्मित करने में सफलता मिली है।

दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में उल्लेखित मध्यप्रदेश से संबंधित बिंदुओं की चर्चा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2023- 24 में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तेजी से आगे बढ़ते राज्यों में शामिल है। मध्यप्रदेश ने 15 अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री ने अपने वक्तव्य में मध्यप्रदेश से जुड़े दो नदी जोड़ो अभियानों केन-बेतवा लिंक परियोजना और काली सिंध-चंबल-पार्वती लिंक परियोजना का भी उल्लेख किया है। दलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश भारत में प्रथम स्थान पर है और तिलहन उत्पादन में देश में नंबर दो पर है।

प्रदेश में प्रौद्योगिकी के आधार पर उपज अनुमान का हुआ सफलतापूर्वक परीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश में दलहन का एक चौथाई हिस्सा उत्पादन कर रहा है और देश के तिलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश का पांचवा हिस्सा है। सोयाबीन उत्पादन में मध्यप्रदेश पुनः प्रथम स्थान पर है। चना व गेहूं के उत्पादन में भी मध्यप्रदेश प्रथम है। कुल खाद्यान्न उत्पादन में मध्यप्रदेश, देश में द्वितीय स्थान पर है। मक्का, मोटे अनाज, मूंगफली और मटर के उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। इस उपलब्धि के लिए सभी किसान भाई बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रौद्योगिकी के आधार पर उपज अनुमान का मध्यप्रदेश में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इसके लिए भी प्रदेश को केंद्र शासन द्वारा बधाई दी गई है।

धार जिले में 4 हजार 445 करोड़ रूपये का प्रोजेक्ट प्रस्तावित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए देश के 7 पीएम मित्र पार्क में से एक धार जिले में 4 हजार 445 करोड़ रुपए का बड़ा प्रोजेक्ट प्रस्तावित है। इससे लगभग 1 लाख स्थानीय जनजातीय युवाओं को लाभ मिलेगा। राज्यों के शिक्षण अधिगम को सुगम बनाने के लिए मध्यप्रदेश ने 6 में से 6 अंक अर्जित किए हैं। एकल राज्य अधिनियम के अंतर्गत पंचायती सहकारी समितियों की संख्या में मध्यप्रदेश देश में चौथे स्थान पर आया है। सीमेंट उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में पांचवें स्थान पर है। इंदौर बायो सीएनजी प्लांट का आर्थिक सर्वेक्षण में केस स्टडी के रूप में उल्लेख हुआ है। आर्थिक सर्वे में भावांतर भुगतान किसान हितैषी ढांचे के रूप में चर्चा की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश के इतने बिंदुओं का उल्लेख होना हम सबके लिए प्रसन्नता और गर्व का विषय है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने बजट 2024-25 की .....

से 1 करोड़ युवाओं को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक और गेम-चेंजिंग कदम की कल्पना की गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का इन अभूतपूर्व पहल के लिए धन्यवाद जो युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों की एक नई दुनिया खोलेंगी।"

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, "बजट 2024-25 में केंद्र सरकार ने मध्यम वर्ग को आर्थिक राहत देकर उनके सपनों को नया विस्तार दिया है। टैक्स में छूट हो या उसके नियमों को आसान करना हो, 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत मध्यम वर्गीय परिवारों को आवास देना हो या कैंसर के मरीजों को दवाओं में राहत देने का निर्णय हो; यह बजट मध्यम वर्ग के जीवन को और भी आसान बनाने वाला है। इन निर्णयों के लिए मोदी जी का आभार।"

श्री अमित शाह ने कहा, केंद्रीय बजट में घोषित रोजगार से जुड़ी अभूतपूर्व पहल औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन में योगदान देंगी। भविष्य निधि योजना और नए लोगों को प्रोत्साहन देने वाली पहल से 2.90 करोड़ रोजगार सृजित होने की संभावना है और यह भारत के औपचारिक क्षेत्र को रोजगार सृजन इंजन में बदलने में निर्णायक भूमिका निभाएंगी । इस दूरदर्शी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।"

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा, "पीएम आवास योजना करोड़ों गरीबों के अपने घर के सपने को साकार कर रही है। आज बजट में इस योजना को और विस्तार देते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 3 करोड़ अतिरिक्त मकानों की घोषणा की गयी। साथ ही, औद्योगिक कामगारों के लिए डोरमेट्री जैसे आवास वाले किराए के मकानों की सुविधा के प्रावधान के निर्णय से गरीबों, मध्यम वर्गीय परिवारों व श्रमिकों के जीवन को सहारा मिलने वाला है। देशवासियों के आय से लेकर आवास तक की सुविधा का ध्यान रखने वाले इस कल्याणकारी बजट के लिए मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूँ।"

श्री अमित शाह ने कहा, "मुद्रा लोन की सीमा रु. 10 लाख से बढ़ाकर रु. 20 लाख करके भारत की उद्यमशीलता की भावना को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद। इस निर्णय से न केवल भारत में व्यापार करने में आसानी बढ़ेगी, बल्कि छोटे और महिला उद्यमियों को रोजगार सृजनकर्ता बनने की राह पर भी अग्रसर किया जाएगा।"

मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत क्षमता निर्माण नीति लागू करने में मप्र आगे

भोपाल : क्षमता निर्माण आयोग से मिले इनपुट को शामिल कर बनी क्षमता निर्माण नीति लागू करने में मध्य प्रदेश अग्रणी रहा है। सभी विभागों में क्षमता निर्माण इकाइयाँ स्थापित हो रही हैं, जो प्रशिक्षण की आवश्यकता का गहन विश्लेषण करने के बाद कैडर-वार क्षमता निर्माण योजनाएँ तैयार करेंगी।

प्रत्येक विभाग क्षमता निर्माण प्रबंधकों की नियुक्ति करेंगे। उन्हें क्षमता निर्माण इकाइयों द्वारा सहयोग दिया जायेगा। क्षमता निर्माण प्रबंधकों द्वारा वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाएं तैयार की जाएंगी।

विभिन्न विभागों में कार्यरत जनशक्ति की दक्षता दर्शाने वाला एक डैशबोर्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे माध्यम से मुख्यमंत्री कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता की स्थिति जान सकेंगे। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली एक समिति हर छह महीने में कर्मचारियों के प्रशिक्षण के संबंध में विभागों के प्रदर्शन पर निगरानी रखेंगे, जबकि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली क्षमता निर्माण परिषद सालाना इसकी निगरानी करेगी।

आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, भोपाल में विभिन्न विभागों में मिशन कर्मयोगी के क्रियान्वयन की स्थिति पर आयोजित कार्यशाला में यह जानकारी दी गई।

वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत हस्तशिल्पियों वितरित किये गये टूलकिट

वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सीएचसीडीएस) के अन्तर्गत
टूल किट वितरण कार्यक्रम

भोपाल। वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ द्वारा क्रियान्वित हस्तशिल्प कौशल उन्नयन परियोजना के हितग्राहियों को प्रथम चरण में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के शुभ अवसर पर दिनांक 06 जुलाई 2024 को सहकारिता एवं खेलकूद युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सांरग के द्वारा टूलकिट वितरण किये गये।

द्वितीय चरण में दिनांक 08 जुलाई 2024 को श्री अर्चित सहारे, सहायक निदेशक (ह) हस्तशिल्प क्षेत्रीय कार्यालय, विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केन्द्र भोपाल, म.प्र. राज्य सहकारी संघ के महाप्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह द्वारा भोपाल के 65 जरी, एंब्रॉयडरी, टेराकोटा के हस्तशिल्पियों को टूलकिट वितरण किये गये, तृतीय चरण में दिनांक 22.07.2024 को श्री अर्चित सहारे, सहायक निदेशक (ह) हस्तशिल्प क्षेत्रीय कार्यालय, विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केन्द्र भोपाल, म.प्र. राज्य सहकारी संघ के प्रबंध संचालक, श्री ऋतुराज रंजन एवं महाप्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह द्वारा भोपाल के जरी - जरदोजी, एंब्रॉयडरी, जूट के 100 हस्तशिल्पियों को टूलकिट वितरण किये गये।

कार्यक्रमों में सहकारिता विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ से श्रीमति मीनाक्षी बान, प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल, श्री जी.पी.मांझी व्याख्याता, श्रीमति श्रद्धा श्रीवास्तव जिला सहकारी प्रशिक्षक, श्री संतोष येडे राज्य समन्वयक, सीड संस्था के सचिव श्री धर्मेंद्र राजपूत, श्री माखन राजपूत, श्री अवतार सिंह, श्रीमति मीनाक्षी वर्मा आदि उपस्थित रहें।

म.प्र. राज्य सहकारी संघ द्वारा सहकारी समिति हेतु प्रशिक्षण

भोपाल। म.प्र.राज्य सहकारी संघ द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर, जबलपुर एवं नौगांव छतरपुर में सहकारी समितियों के प्रबंधक, समिति पदाधिकारियों, सदस्य एवं सहकारी बंधुओं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिनांक 23.07.2024 को आदिम जाति सहकारी समिति पडलवा जिला झाबुआ, दिनांक 23. 07.2024 को हरिजन मत्योंद्योग सहकारी समिति लुहरगाव विकासखण्ड गुनौर जिला पन्ना, दिनांक 23.07.2024 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लखनपुर जिला जबलपुर दिनांक 23.07.2024 को बुंदेलखण्ड सहकारी समिति मर्या जरूखाखरों जिला टीकमगढ़ दिनांक 23. 07.2024 को दुग्ध सहकारी समिति आकिया जिला देवास दिनांक 23.07.2024 को सेवा सहकारी समिति मर्या. बिछडोद जिला उज्जैन दिनांक 22.07.2024 को दुग्ध सहकारी समिति मर्या. रजोदा जिला देवास, दिनांक 22.07.2024 को वनोपज सहकारी समिति बवलिया जिला मण्डला, दिनांक 22.07.2024 आदिम जाति सहकारी समिति कुंदनपुर जिला झाबुआ, दिनांक 22.07.2024 को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बुढ़ागर जिला जबलपुर, दिनांक 22.07.2024 दुग्ध सहकारी समिति मर्या. बिलखुरा जिला पन्ना, दिनांक 22.07.2024 गुन्देलेखिरक जिला टीकमगढ़ दिनांक 20.07.2024 मछुआ सहकारी समिति मर्या. जुमनहाई जिला पन्ना, दिनांक 20.07.2024 बुंदेलखंड दुग्ध सहकारी समिति अन्नतपुरा जिला टीकमगढ़, दिनांक 20.07.2024 सेवा सहकारी संस्थान मर्या. नजरपुर जिला उज्जैन दिनांक 19.07.204 मछुआ सहकारी समिति मर्या. बिलखुरा जिला पन्ना, दिनांक 19.07.24 को मछुआ सहकारी समिति मर्या. दर्शनी जिला जबलपुर, दिनांक 19.07.24 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति घट्टिया जिला उज्जैन, दिनांक 19.07.24 बुंदेलखण्ड दुग्ध सहकारी समिति मर्या. बारी जिला टीकमगढ़, दिनांक 18.07.24 को मछुआ सहकारी समिति मर्या. मोहला जिला जबलपुर, दिनांक 18.07.24 मछुआ सहकारी समिति मर्या. सुनवाहा जिला पन्ना, दिनांक 18.07.24 बंदेलखण्ड दुग्ध सहकारी समिति मर्या उदयपुरा जिला टीकमगढ़ दिनांक 18.07.24 वनोपज सहकारी समिति मर्या किंदरी जिला मण्डला दिनांक 18.07.24 दुग्ध सहकारी समिति मर्या. सिरमगनी जिला सिवनी, दिनांक 18.07.24 को वृहत्ताकार प्राथमिक कृषि सहकारी साख संस्था मर्या. जगोटी जिला उज्जैन, दिनांक 18.07.24 को सहकारी वनोपज समिति मर्या. पंडुतलाबपुरा जिला देवास, दिनांक 16.07.24 मछुआ सहकारी समिति अजयगढ़ जिला पन्ना, दिनांक 16.07.24 सेवा सहकारी समिति मर्या. परसोली जिला उज्जैन, दिनांक 15.07.24 आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. समोई जिला झाबुआ, दिनांक 15.07.24 मछुआ सहकारी समिति मर्या. खपरा जिला जबलपुर एवं दिनांक 15.07.24 मछुआ सहकारी समिति बनहरी खुर्द विकास खण्ड अजयगढ जिला पन्ना

में म.प्र.राज्य सहकारी संघ मर्या. के सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र के जिला सहकारी प्रशिक्षक श्री हृदेश कुमार राय, श्री बाबूलाल कुशवाह, श्री अखिलेश सिंह, श्री पियूष राय, श्री प्रदीप, श्री सुयंश शर्मा, श्री जय कुमार द्वारा सहकारिता की पृष्ठभूमि, सहकारिता सिद्धांत, सहकारिता की आवश्यकता, विजन, मिशन, उद्देश्य, लेखाकंन, नवाचार, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन, बी - पैक्स बाय लॉज, दुग्ध सहकारी समिति हेतु व्यवसाय विकास, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन की प्रोसेसिंग, दुग्ध भंडारण, पास्चुरीकरण सुविधा, आहार प्रबंधन नस्ल चयन प्रक्रिया, पशुओं हेतु टीकाकरण, मत्स्य पालन हेतु तलाब की तैयारी, खाद्य का उपयोग, कृत्रिम भोजन, मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य रोग, लक्षण एवं उनका निदान, वनो की सुरक्षा, औषधियों की पहचान एवं विनाश विहीन विदोहन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

सहकारिता विभाग नव नियुक्त सहकारी निरीक्षकों सहकारी प्रबंधन में पत्रोपाधि पाठयक्रम हेतु सत्र प्रारंभ

भोपाल। सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार सहकारी प्रबंधन में हायर डिप्लोमा इन को-ऑपरेटिव (एच.डी.सी. एम.) पत्रोपाधि पाठ्यक्रम को सहकारिता विभाग के नव-नियुक्त सहकारी निरीक्षकों हेतु सहकारी प्रबंधन में पत्रोपाधि पाठयक्रम का शुभारंभ दिनांक 15 जुलाई, 2024 को किया गया जिसमें प्रदेश के कुल 50 नव-नियुक्त सहकारी निरीक्षकों दिनांक 15 जुलाई 2024 से 01 दिसम्बर, 2024 (20 सप्ताह) के पाठ्यक्रम से प्रशिक्षित किया जावेंगा। पाठ्यक्रम के अंतर्गत वित्तीय लेखाकंन, लेखाकंन का अर्थ व उद्देश्य, पद्धितियां, द्विलेखा प्रणाली की विशेषता व महत्व एवं व्यवसाय दक्षता में वृद्धि हेतु प्रशिक्षण जैसे विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप मे श्री अभय गोखले से.नि. महाप्रबंधक, अपेक्स बैंक, सहकारी नियम व अधिनियम, परिपत्र एवं सोसायटी अधिनियम 1960 के प्रमुख प्रावधान विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप मे श्री श्री कुमार जोशी, से.नि. संयुक्त आयुक्त सहकारिता, सहकारी प्रबंधन एवं बैकिंग विषय पर विषय विशेषज्ञ के रूप मे श्री एस. के. चतुर्वेदी से.नि. प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र जबलपुर द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

बासौदा नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित गंज बासौदा

स्थिति विवरण पत्रक वर्ष 2023.2024 (31.03.2024)

क.	पूंजी एंव देनदारिया	31.03.2023	31.03.2024	31.03.2024
1	हिस्सा सदस्यता पूंजी	22873150.00		24022550.00
2	रक्षित कोष एंव अन्य निधियां	59205036.45		63109740.65
	1.धर्मार्थ निधि		1666020.00	
	2.रक्षित कोष		27522252.65	
	3.भवन निधि		13374805.00	
	4.डूबत. ऋण निधि		10815310.00	
	5.विकास निधि		34000.00	
	6.वाहन निधि		2574863.00	
	7.लाभांश समीकरण निधि		34000.00	
	8.कम्प्यूटर फंड		4645419.00	
	9.कर्मचारी कल्याण कोष		1203667.00	
	10.प्रशिक्षण निधि		1239404.00	
3	अमानते :–			656523683.52
	1.सेंविग डिपाजिट व्यक्तिगत	216214729.53	235280693.18	
	2 फिक्स डिपा सिंगल व्यक्तिगत	13425672.00	16046981.00	
	3 फिक्स डिपा. डबल व्यक्तिगत	300666757.00	334256060.00	
	4 रेकरिंग डिपा.व्यक्तिगत	791897.00	582948.00	
	5 करेंट डिपाजिट व्यक्तिगत	10389555.77	19542999.34	
	6 नवीन मिनी डिपा.व्यक्तिगत	7182158.00	8403961.00	
	7 सुपर मिनी डिपा.व्यक्तिगत	38085236.00	40422512.00	
	8 मासिक धन वर्षा खाता व्यक्तिगत	2159428.00	1592271.00	
	9 मंगल परिणय खाता व्यक्तिगत	395258.00	395258.00	
4	ब्याज देना खाता	709733.00		777209.00
5	एफडी साख सीमा सीसीबी बैंक			1000000.00
6	ब्याज प्रावधान खाता	27473149.00		29758571.13
7	गैर निस्पादक अस्तियों पर प्रावधान	20341266.70		22341266.70
8	आकस्मिक प्रावधान मानक अस्तियों पर	2000000.00		2750000.00
9	अन्य देनदारियां	5219000.33		6210441.01
	1. अंकेक्षण शुल्क प्रावधान		254910.00	

क.	सम्पत्तियां एंव लेनदारियां		31.03.2023	31.03.2024
1	नगदी सिलक		10042481.00	11221187.00
2	बैंको मे जमा अमानते :–			
	1. करेन्ट डिपा.को.आ. बैंक प्रमुख शाखा		299601.68	355111.68
	2. करेन्ट डिपा.को.आ. बैंक शहर शाखा		992441.00	92323.00
	3. करेन्ट डिपा बैंक आफ बडौदा		386746.00	16746.00
	4. करेन्ट डिपा आई डी बी आई बैंक		10209996.51	10904067.24
	5. सीटीएस.करेन्ट डिपा आई डी बी आई बैंक		2039409.32	4233355.96
	6. करेंट डिपा अपेक्स बैंक		93213.00	79819.00
	7. करेंट डिपा. एच डी एफ सी बैंक बासोदा		470898.51	68738.62
	8. करेन्ट डिपा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया		4682494.08	4776582.08
	9. ट्रस्टी बासोदा नागरिक सह. बैंक		85835.00	23369.97
	10. करेन्ट डिपा. ए.यू.स्माल बैंक		67288.16	1048630.16
	11. करेन्ट डिपा डी.सी.बी बैंक		93062.50	29893.28
	12.करेन्ट डिपा. एक्सेस बैंक बासौदा		59450.06	13524.06
	13. करेन्ट डिपा. आईसीआईसीआई		549882.00	80041.99
	14.करेन्ट डिपा. आर.बी.एल बेंक बासौदा		6820.00	248378.00
	15.करेन्ट डिपा. यश बैंक (एटीएम)			1731483.18
	16.करेन्ट डिपा. यश बैंक (आरटीजीएस)			184179.96
	17.करेन्ट डिपा. यश बैंक (आईएमपीएस)			2357403.00
3	विनियोजन :–			
	1.फिक्स डिपा.जिला सह.केन्द्रीय बैंक प्रमुख		22458755.00	24030700.00
	2.फिक्स डिपा.जिला सह.केन्द्रीय बैंक शहर		2626898.00	2809152.00
	3.विनियोजन अपेक्स बैंक भोपाल		5199818.00	25718964.00
	4.विनियोजन आईसीआईसीआई बैंक			20623186.00
	5.विनियोजन यूनियन बैंक शाखा बासौदा		21496492.00	22578869.00
	6.विनियोजन ए.यू. स्माल फाइनेंस बैंक		20717288.00	21901310.00
	7.विनियोजन आई.डी बी.आई बैंक		14275689.00	10666412.00
	8.विनियोजन डीसीबी बैंक बासौदा		22967132.00	21992858.00
	9.विनियोजन आरबीएल बैंक बासौदा		25358207.00	29188350.00
	10.विनियोजन एक्सेस बैंक बासौदा		25019390.00	29564393.00
	11.विनियोजन फिनकेयर स्माल बैंक			10676389.00
	12.विनियोजन नॉन एसएलआर			18500000.00
	13.विनियोजन सरकारी प्रतिभूतियां		150062750.00	71338500.00
	14.विनियोजन सरकारी प्रतिभूति (एएफएस)		20000000.00	20000000.00
	15.विनियोजन राज्य सरकार प्रतिभूति			80000000.00

क.	पूंजी एंव देनदारिया	31.03.2023	31.03.2024	31.03.2024
	2. आयकर प्रावधान खाता		2164953.00	
	3. बैंक कर्मचारी एरियर		980148.00	
	4. सण्ड्री क्रेडिटर्स		1094998.28	
	5. चंदा जिला सहकारी संघ		85772.00	
	6. सुरक्षानिधि बैंक कर्मचारी		65250.00	
	7. टी.डी.एस.		235508.00	
	8. नगद साख सीमा (जमा शेष)		16729.09	
	9. नगद साख सीमा एफडी (जमा शेष)		56487.79	
	10. आयकर बैंक कर्मचारी		124000.00	
	11. अंश राशि भुगतान योग्य		136175.00	
	12. डिवीडेन्ड पेयवल खाता		980119.85	
	13. सी जीएसटी		7695.00	
	14. एस जीएसटी		7695.00	
	15. सस्पेंस खाता			
10	इन्वेस्टमेंट फ्लैक्चुयेशन फण्ड	281500.00		281500.00
11	विनियोजन ह्रास प्रावधान खता	2000000.00		2750000.00
12	डी डी/विल्स पेविल खाता	258925.00		275225.00
13	लाभ खाता	5102694.20		5334633.64
	कुल योग	734775145.98		815134820.65

सही
राधेश्याम गुप्ता एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार

सही
परवेज फजलानी
मुख्य लेखापाल

सही
हरिओम भावसार
मुख्यकार्यपालन अधिकारी

सही
जितेन्द्र कुमार दुबे
अध्यक्ष

सही
महेन्द्र कुमार समैया
संचालक

सही
अंकुर पिंगले
संचालक

क.	सम्पत्तियां एंव लेनदारियां		31.03.2023	31.03.2024
	16. विनियोजन सिडबी		6152500.00	
	17.अंश जिला सहकारी बैंक		62600.00	62600.00
4	ऋण व अग्रिम			
	1.मध्यावधि ऋण		181906.56	173573.56
	2.कैश क्रेडिट ऋण		166322373.95	170905520.69
	3.अमानत के तारण पर ऋण		5270585.00	2654355.00
	4.वेयर हाऊस ऋण		97883537.00	66203848.69
	5 गोदाम तारण पर ऋण		957813.00	957813.00
	6.दीर्घकालीन ऋण		22442110.57	24482885.38
	7.कर्मचारी अग्रिम खाता		404311.00	27537.00
	8.किसान क्रेडिट कार्ड खाता		227229.75	227229.75
	9.एफ.डी.सी.सी. ऋण		7341201.83	7404906.50
	10 प्रापर्टी मोर्डगेज लोन		49310822.50	54445549.36
5	ब्याज लेना खाता		2441031.00	3133712.00
6	ब्याज वसूली योग्य		27473149.00	29758571.13
7	अन्य सम्पत्तियॉं			
	1.फर्नीचर एवं डेड स्टाक		2136526.00	1922873.40
	2.लायब्रेरी खाता		9322.00	13202.00
	3.टेलीफोन खाता		3935.00	3935.00
	4.स्टेशनरी प्रिंटिग		334624.00	328936.00
	5.नवीन बैंक भूमि भवन		3733848.00	3508409.40
	6.कम्प्युटर साफ्टवेयर हार्डवेयर		574886.00	423811.58
	7.प्लाट एण्ट मशीनरी		212175.00	501308.75
	8.बैंक भवन विधुतीकरण		903971.00	842362.93
	9.बैंक भवन सिक्यूरिटी सिस्टम		81750.00	66562.35
	10.अग्रिम खाता		50900.00	31400.00
		कुल योग	754775145.98	815134820.65

सही
राधेश्याम गुप्ता एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार

सही
परवेज फजलानी
मुख्य लेखापाल

सही
हरिओम भावसार
मुख्यकार्यपालन अधिकारी

सही
जितेन्द्र कुमार दुबे
अध्यक्ष

सही
महेन्द्र कुमार समैया
संचालक

सही
अंकुर पिंगले
संचालक

बासौदा नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित गंज बासौदा

लाभ हानि विवरण पत्रक वर्ष 2023.2024

क.	व्यय मद		31.03.2023	31.03.2024
1	विविध व्यय		188082.00	192158.00
2	पोस्टेज एंव टेलिफोन व्यय		200036.95	150840.20
3	बैंक भवन मरम्मत		47464.00	
4	बिधुत व्यय		243590.00	297060.00
5	विज्ञापन व्यय		133600.00	98000.00
6	स्वागत व्यय		70607.00	80720.00
7	अंकेक्षण शुल्क		329910.00	358800.00
8	ह्रास फर्नीचर फिक्चर एण्ड डैडस्टॉक		1211560.00	1040119.59
9	कर्मचारी वेतन		14178522.00	15537206.00
10	प्रशिक्षण व्यय		3304.00	2124.00
11	बीमा प्रीमियम		930553.00	1015451.00
12	कमीशन मिनि डिपाजिट		1521486.00	1655816.00
13	आम सभा खर्च		78391.00	75700.00
14	अधिवक्ता शुल्क		195116.00	17700.00
15	चंदा जिला सहकारी संघ		15260.00	22400.00
16	लाभांश समीकरण निधि		2000.00	2000.00
17	सीटिंग फीस		38400.00	34700.00
18	विकास निधि		2000.00	2000.00
19	जीएसटी			42331.00
20	कम्प्यूटर व्यय		126736.00	1015764.00
21	यात्राा भत्ता		537.00	698.50
22	नगद साख सीमा पर ब्याज		98100.00	11873.30
23	प्रीमियम सरकारी प्रतिभूतियों पर		55500.00	25632.00
24	फर्म स्टेशनरी		88586.00	45048.00
25	अग्रिम आयकर		3075919.00	2842423.00
26	अमानतों पर ब्याज		24640827.00	29813753.00
27	गैर निस्पादक आस्तियों पर प्रावधान		200000.00	2000000.00
28	सी.आई.सी.एस.सदस्यता शुल्क		21240.00	33040.00
29	टेबिल स्टेशनरी		66791.00	67047.00
30	आयकर प्रावधान		954180.00	
31	विनियोजन ह्रास प्रावधान			750000.00
32	आकस्मिक प्रावधान मानक अस्तियों पर			750000.00
33	एनपीसीआई चार्जेस			0.59
34	लाभ		5102694.20	5334633.64
		कुल योग	53820992.15	63315038.82

क.	आय मद		31.03.2023	31.03.2024
1	विनियोजन पर प्राप्त ब्याज (एफडीआर)		21277625.85	22628919.36
2	विनियोजन पर प्राप्त ब्याज (नॉनएसएलआर)			2188115.76
3	विनियोजन पर प्राप्त ब्याज (सरकारी प्रतिभूति)			2931347.00
4	ब्याज प्राप्त ऋणों पर		31532179.91	34244994.55
5	विविध आय		129793.60	152704.07
6	लॉकर किराया		162920.00	192930.00
7	कमीशन चैक ड्राफ्ट		161523.79	179353.09
8	कमीशन प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा		363.00	341.00
9	प्रोसेसिंग फीस		556586.00	793730.00
10	एटीएम चार्जेस			2593.18
11	एनपीसीआई चार्जेस			10.81
		कुल योग	53820992.15	63315038.82

सही
राधेश्याम गुप्ता एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार

सही
परवेज फजलानी
मुख्य लेखापाल

सही
हरिओम भावसार
मुख्यकार्यपालन अधिकारी

सही
जितेन्द्र कुमार दुबे
अध्यक्ष

सही
महेन्द्र कुमार समैया
संचालक

सही
अंकुर पिंगले
संचालक



Radheshyam Gupta & Co.
Chartered Accountants

317, Trade House, 3rd Floor
14/3, South Tukoganj, Indore
Phone: (O) 0731-4995564
Mobile: 94250-54908
E – Mail – rsg_gupta@hotmail.com
gupta.radheshyam@icai.org

अंकेक्षण प्रमाण – पत्र

वर्ष 2023–2024

मैं राधेश्याम गुप्ता प्राधिकृत सांविधिक संपरीक्षक प्रमाणित करता हूं कि मैने बासौदा नागरिक सहकारी बैंक मर्या. गंज बासौदा पंजीयन कं./ भोपाल मुख्यालय 187/ दिनांक 04.03.1984 का वर्ष 2023–2024 का अंकेक्षण पंजीयक सहकारी समितियां म.प्र. भोपाल द्वारा निर्धारित निर्देशित प्रणाली से पूर्ण किया है।

बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र विधिवत सही व सुरक्षित है तथा बैंक प्रबंधन की अभिरक्षा में है। मैने बासौदा नागरिक सहकारी बैंक मर्या. गंज बासौदा का वर्ष 2023–2024 दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 का अंकेक्षण 31 मार्च 2024 पर समाप्त वर्ष के स्थिति विवरण पत्रक तथा लाभ–हानि पत्रक का निरीक्षण संबधित लेखा पुस्तकों से किया है।

1. मैं यह प्रमाणित करता हूं कि मेरे मत से बैंक व्यवहार साधारणतः सही व ईमानदारी से बैंक की उपविधियों सहकारी संस्थाओं की प्रवर्तित धारा उसके अंतर्गत बनाये गये नियम तथा पंजीयक के द्वारा समय समय पर प्रसारित परिपत्रों एवं बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट 1949 के अनुसार किया है। प्राप्त त्रुटियों का उल्लेख अंकेक्षण टीप मे कर दिया गया है।

2. बैंक का स्थिति विवरण पूर्ण रूप से स्पष्ट है, इसमें सभी आवश्यक जानकारियां जो कि बैंक का व्यवहार और स्थिति दर्शाते है, का समावेश भी किया गया है। मुझे जो जानकारी बैंक की स्थिति के सम्बंध मे बतलाई गई एवं जो भी जानकारी बैंक लेखा पत्रों व खातों से दर्शाई गई है। वह सब अंकेक्षण टीप मे वर्णित है।



3. अंकेक्षण के समय आवश्यकतानुसार जानकारियां एवं स्पष्टीकरण बैंक के द्वारा उपलब्ध कराये गये है, जिससे मुझे संतोष है।

4. अधिकोष का लाभ–हानि पत्रक जो प्रस्तुत टीप मे है, सही व नियमानुसार बनाया गया है। मेरे मत से बैंक का स्थिति विवरण पत्रक व लाभ–हानि पत्रक नियमानुसार बनाये गये है। तथा हिसाब व खातों व नियमों एवं उप विधियों के अनुसार तथा जिन खातों व सूचियों के आधार पर वित्तीय पत्रक तैयार किये गये है। वे बैंक मे उपलब्ध है।

अतः मै बैंक को पंजीयक सहकारी समितियां म.प्र. भोपाल द्वारा प्रसारित वर्गीकरण के मापदण्डों के अनुसार 'अ' वर्ग मे रखे जाने की अनुशंसा करता हूं।

स्थान :– गंज बासौदा
दिनांक :– 28.6.24

राधेश्याम गुप्ता
वरिष्ट पार्टनर
राधेश्याम गुप्ता एण्ड कम्पनी
सनदी लेखापाल
सदस्यता क. 072389
एफ.आर.एन. नं. 003366C

संयुक्त पंजीयक
सहकारी संस्थाऐं,
भोपाल संभाग, भोपाल

कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थायें, संभाग भोपाल
संपरीक्षा प्रतिवेदन तथा निर्गमन पत्र
क्रमांक/अंके./निर्गमन/436 दिनांक 28.6.24
में उल्लेखित आक्षेपों एवं निर्देशों के पालन हेतु जारी।

माँ शारदा महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मैहर

जिला सतना (म.प्र.)

स्थिति विवरण पत्रक

वर्ष 2023-2024 (31.03.2024 पर)

पूंजी एवं देनदारियां

गतवर्ष की राशि		विवरण	राशि	राशि
4330350.00	1	हिस्सा सदस्य	4996550.00	4996550.00
19549368.95	2	निधियां		21259598.95
1729586.95		1. भवन निधि	1879538.95	
929214.00		2. वाहन निधि	1079166.00	
1442669.00		3. लाभांश निधि	1605119.00	
868546.00		4. कम्प्यूटर निधि	1018498.00	
5384946.00		5. संदिग्ध एवं डूबन्त निधि	5734946.00	
300603.00		6. मानक अस्तियां	392603.00	
443271.00		7. आयकर निधि	428271.00	
5755.00		8. चालू वर्ष ह्रास निधि	0.00	
176615.00		9. ग्रेजुयटी फण्ड	85590.00	
177370.00		10. ए.सी. क्रय निधि	177370.00	
102454.00		11. नारी उत्थान निधि	102454.00	
70000.00		12. कर्मचारी भविष्य निधि	70000.00	
7507956.00		13. रक्षित निधि	8134408.00	
50000.00		14. निवेश निधि	50000.00	
328383.00		15. प्रशिक्षण निधि	465635.00	
15000.00		16. संघ योगदान धारा 43	17000.00	
17000.00		17. संघ योगदान धारा 47	19000.00	
115770399.84	3	**अमानतें**		123660050.00
79737123.72		1. बचत अमानत व्यक्तिगत	83000247.74	
38282.52		2. बचत अमानत समितियां	38929.62	
2715601.10		3. बचत अमानत लोकलवाड़ी	1657722.10	
11110.00		4. बचत अमानत छात्रवृत्ति	11330.00	
10719.84		5. चालू अमानत व्यक्तिगत	10719.84	
887785.66		6. चालू अमानत लोकलवाडी	1894685.70	
212520.00		7. मुद्दती अमानत व्यक्तिगत	314369.00	
10650.00		8. मुद्दती अमानत लोकलवाडी	10650.00	

सम्पति एवं लेनदारी

गतवर्ष की राशि		विवरण	राशि	राशि
117743840.68	1	**कैश एवं बैंक**		115310703.32
623413.00		1. नगदी रोकड	487054.00	
9156789.23		2. चालू अमानत स्टेट बैंक मैहर	6822317.09	
132506.21		3. चालू अमानत इलाहाबाद बैंक मैहर	366969.21	
69191.31		4. चालू अमानत आईडीबीआई बैंक भोपाल	68855.01	
109192.56		5. चालू अमानत आईडीबीआई बैंक मैहर	188983.73	
15560.98		6. चालू अमानत म.प्र.रा.स.बैंक भोपाल	15490.18	
438286.34		7. आई.सी.आई.सी.एसजीएल भोपाल	416136.34	
62518.00		8. सेन्ट्रल बैंक शाखा मैहर	1327216.55	
1206962.87		9. चालू खाता आईसी.आई. मैहर	567586.33	
141500.57		10.चालू अमानत केनरा बैंक मैहर	282810.57	
143393.04		11.बचत अमानत डी.सी.सी.बी. मैहर	147739.04	
23148.82		12.बचत अमानत डी.सी.सी.बी. सतना	23849.82	
688427.75		13.बचत अमानत कार्पोरेशन बैंक मैहर	478144.45	
500.00		14.चालू खाता आईसीआईसीआई सीटीएस	285101.00	
11100000.00		15.दोहरी अमानत इलाहाबाद बैंक मैहर	11200000.00	
9800000.00		16.दोहरी अमानत स्टेट बैंक मैहर	13700000.00	
10800000.00		17.मुद्दती अमानत आईडीबीआई मैहर	8800000.00	
7700000.00		18.दोहरी अमानत सेन्ट्रल बैंक मैहर	7800000.00	
28955600.00		19.शासकीय सिक्योरिटी	24455600.00	
12076850.00		20.दोहरी अमानत आईसीआईसीआई मैहर	9076850.00	
7100000.00		21.दोहरी अमानत कार्पोरेशन बैंक मैहर	10300000.00	
17400000.00		22.दोहरी अमानत केनरा बैंक मैहर	18500000.00	
30088765.18		**कर्ज सदस्यों को**		44099720.06
42.00	2	1. उपभोग ऋण	42.00	
23732538.00		2. मध्यकालीन ऋण	34416840.00	
2724451.00		3. दीर्घकालीन ऋण	3907788.00	

पूंजी एवं देनदारियां

गतवर्ष की राशि		विवरण	राशि	राशि
30812832.00		9. दोहरी अमानत	35143974.00	
1274008.00		10. आवर्ती / रेकरिंग अमानत	1513800.00	
59767.00		11. कर्मचारी सिक्योरिटी	63622.00	
4942887.26	4	**अन्य देनदारियाँ**		**6125616.26**
306500.00		1. धोखाधड़ी प्रावधान	306500.00	
0.00		2. साफ्टवेयर खाता	50000.00	
31239.00		3. ब्याज देय अमानतें	32181.00	
0.00		4. सेण्ड्रीज खाता	33640.00	
67929.00		5. अंकेक्षण शुल्क	185929.00	
132798.00		6. ब्याज देय आवर्ती खाता	182383.00	
4332962.00		7. Overdue Int. Reserve	5263524.00	
18130.00		8. भविष्यनिधि कटौती	18130.00	
53329.26		9. ऋण अंतर प्रावधान	53329.26	
9143756.15		संचित लाभ	**10255902.17**	**10255902.17**
153736762.20		**महायोग –**	**166297717.38**	**166297717.38**

बी.एल. सिंह
मुख्य लेखापाल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

मे. व्ही एस के एण्ड कम्पनी
अंकेक्षक/चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स

प्रतीक अग्रवाल (पार्टनर)

सम्पति एवं लेनदारी

गतवर्ष की राशि		विवरण	राशि	राशि
98597.00		4. तारण ऋण (सावधि)	2307773.00	
3533137.18		5. कैश क्रेडिट	3467277.06	
4332962.00	3	**ब्याज प्राप्तनीय**		**5263524.00**
4332962.00		1. ब्याज प्राप्तनीय योग्य ऋण पर	5263524.00	
691513.16		**डेड स्टाक**		**592271.15**
691513.16	4	1. डेड स्टाक	592271.15	
200.00		**अंश क्रय**		**200.00**
100.00		म.प्र.राज्य सहकारी बैंक भोपाल	100.00	
100.00	5	जिला सह. केन्द्रीय बैंक सतना	100.00	
0.00		**काल मनी / टर्म मनी**		**0.00**
0.00		काल मनी / टर्म मनी SBI DFHI	0.00	
879481.18	6	**अन्य लेनदारी**		**1031298.85**
5290.00		1. लाइब्रेरी	5290.00	
2800.00		2. अग्रिम खाता	3300.00	
100000.00		3. अग्रिम आयकर शुल्क	100000.00	
5000.00		4. टेलीफोन सिक्योटी	5000.00	
72196.28		5. जी.एस.टी. प्राप्तनीय	46819.10	
118745.00		6. स्टेशनरी स्टाक	114688.75	
306500.00		7. धोखाधड़ी	306500.00	
7300.00		8. विद्युत सिक्योरिटी	7300.00	
184269.00		9. बैकर्स टी.डी.यस.	413881.00	
77380.90		10.आईजीएसटी	28520.00	
153736762.20		**महायोग –**	**166297717.38**	**166297717.38**

बी.एल. सिंह
मुख्य लेखापाल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

मे. व्ही एस के एण्ड कम्पनी
अंकेक्षक/चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स

प्रतीक अग्रवाल (पार्टनर)

माँ शारदा महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मैहर

जिला सतना (म.प्र.)

लाभ–हानि पत्रक

(31.03.2024 पर)

लाभ

क्र.	विवरण	राशि
1	ब्याज प्राप्त दीर्घकालीन ऋण	277786.00
2	ब्याज प्राप्त मध्यकालीन ऋण	2773987.00
3	ब्याज प्राप्त कैश-क्रेडिट	117130.00
4	ब्याज प्राप्त तारण ऋण	12494.00
5	ब्याज प्राप्त बैंकर्स डिपोजिट	4507104.00
6	ब्याज प्राप्त शास. सिक्योर्टी	2077850.00
7	एस एम एस चार्ज	4480.00
8	कमीशन खाता	481.00
9	अन्य आय	36456.50
10	प्रोसेसिंग फीस	222000.00
11	चैक चार्ज	6245.75
12	स्टेशनरी स्टाक	2540.00
	योग –	**10038554.25**

हानि

क्र.	विवरण	राशि
1	**ब्याज दिया अमानतों पर**	
	1. बचत अमानत व्यक्तिगत	1611992.00
	2. बचत अमानत समितियां	771.00
	3. बचत अमानत लोकलवाडी	43601.00
	4. मुद्दति अमानत व्यक्तिगत	2791.00
	5. डबल डिपाजिट व्यक्तिगत	1525015.00
	6. आवर्ती खाता	79750.00
2	**स्थापना व्यय खाता**	
	1. वेतन कर्मचारी	1644516.00
	2. यात्रा भत्ता कर्मचारी	38063.00
	3. भत्ता संचालक	29975.00
	4. भवन किराया	227150.00
	5. टेलीफोन खाता	20517.00
	6. पोस्टेज खाता	2484.00
	7. विद्युत व्यय खाता	78512.00
	8. टाइपिंग / फोटोकापी	66390.00
	9. बीमा शुल्क (निक्षेप बीमा)	161280.80
	10. स्वागत व्यय खाता	90226.00
	11. आमसभा व्यय खाता	49935.00
	12. लीगल/प्रोफेशनल शुल्क	38901.00
	13. विविध व्यय खाता	42795.50
	14. वाहन किराया खाता	103095.00
	15. स्टेशनरी एवं प्रिंटिंग खाता	102510.00
	16. कम्प्यूटर एवं S/W व्यय खाता	142070.00
	17. पी.एफ. खर्च	14408.00
	18. अन्य व्यय	105234.01

बी.एल. सिंह
मुख्य लेखापाल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

मे. व्ही एस के एण्ड कम्पनी
अंकेक्षक/चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स

प्रतीक अग्रवाल (पार्टनर)

माँ शारदा महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित मैहर

अंकेक्षण प्रमाण–पत्र

मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता अंकेक्षक प्रमाणित करता हूं कि माँ शारदा महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. मैहर के पत्र क्रमांक/53/2023–24 मैहर दिनांक 16.09.2023 के पालन में माँ शारदा महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मैहर का वर्ष 2023–2024 का अंकेक्षण जिसका पंजीयन क्र./जे.आर./आर.डब्ल्यू.ए./84 दि. 15.05.1998 है, जो कि तहसील मुख्यालय मैहर में स्थित हैं, जिसकी तहसील मैहर जिला सतना हैं, पंजीयक सहकारी संस्थायें म.प्र. भोपाल द्वारा प्रस्तावित विधि से पूर्ण किया गया।

बैंक का पंजीयन प्रमाण पत्र विधिवत सही है, तथा बैंक द्वारा प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि रखा गया है।

मेरे द्वारा मां शारदा महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, मैहर का 31.03.2023 का स्थिति विवरण पत्रक तथा लाभ-हानि पत्रक जो कि उक्त दिनांक को समाप्त होने वाले वर्ष के लेखा से संबंध है, की जांच की गई। यह स्थिति विवरण पत्रक लेखों से बनाये गये है।

अतः मेरे मत से

1. बैंक का व्यवसाय आक्षेप सूची को छोड़कर आमतौर से विधिवत तथा ईमानदारी से बैंक के उपनियमों के प्रावधानों के अनुसार तथा म.प्र. सहकारी समितियां अधिनियम तथा उनके अंतर्गत बने नियम जो प्रभावशील हैं, के अंतर्गत तथा पंजीयक सहकारी संस्थायें म.प्र. के प्रशासकीय निर्देशों के अनुसार जो कि समय समय पर भेजे गये तथा बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट की आवश्यकता के अनुरूप किया गया है।
2. बैंक का स्थिति विवरण पत्रक पूर्ण रूप से संलग्न है, इसमें आवश्यक सभी जानकारी जो कि बैंक के व्यवहार एवं स्थिति को दर्शाते, हैं, का समावेश किया गया है। मुझे जो जानकारी बैंक ने स्थिति के संबंध में बताई गई तथा जो जानकारी बैंक के खातों में दर्शाई गई व दिखाई देती है, वह सब इसमें परिलक्षित होती है।
3. मेरे द्वारा जब भी कोई जानकारी या स्पष्टीकरण चाहा गया यद्यपि वह समय पर उपलब्ध कराई गई है, जानकारी अंकेक्षण के उद्देश्य से पर्याप्त है।
4. बैंक के जो व्यवहार मेरी जानकारी में आये सभी बैंक की कार्यसीमा में किये गये है।
5. बैंक का लाभ हानि पत्रक भी सही लाभ हानि का चित्रण प्रस्तुत करता है, जो अंकेक्षण अवधि का बैंक द्वारा बनाया गया है।
6. मेरे मत से बैंक का स्थिति विवरण पत्रक एवं लाभ हानि पत्रक नियमों के अनुसार बनाये गये है।
7. मेरे मत से बैंक द्वारा सभी लेखे नियम की आवश्यकता के अनुसार रखे गये हैं।
8. मेरे अवलोकन, टिप्पणी, अनियमितताएँ अनुसूची-1 में संलग्न है।

अतः बैंक का रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटीज म.प्र. भोपाल के द्वारा प्रसारित निर्देशों में दी गई कसौटियों के आधार पर **'अ' वर्ग** प्रदान करता हूँ।

स्थान : मैहर
दिनांकः

(मे. व्ही एस के एण्ड कम्पनी)
चार्टेड एकाउण्टेन्टस
F.R.N.000837C
सी.ए. प्रतीक अग्रवाल
(पार्टनर)
M.No. 402214

हानि

क्र.	विवरण	राशि
	19. पी.एफ. कंट्रीव्यूशन खाता	108780.00
	20. रिपेयर मेन्टीनेन्स	68228.62
	21. आडिट फीस	6285.00
	22. डिप्रीसेसन डेड स्टाक	167917.85
	23. सीबील मेंमबरशीप	56366.45
	24. चेयरमैन खर्च	72000.00
	25. सलाहकार शुल्क	20000.00
	26. बोर्ड चुनाव खर्च	1000.00
	27. बोनस व्यय	7200.00
	28. विज्ञापन व्यय	22438.00
	29. एन ए एफ सी ए मेंबरशिप	46150.00
3	**प्रावधान**	
	1. ग्राचुटी फण्ड	30000.00
	2. बी.डी.डी.आर. प्रोवीजन	350000.00
	3. मानक अस्तियां	92000.00
	4. आयकर शुल्क	35000.00
	5. आडिट शुल्क	180000.00
	6. संघ योगदान अधिनियम 43	2000.00
	7. संघ योगदान अधिनियम 47	2000.00
	8. साफ्टवेयर प्रोवीजन	50000.00
4	**लाभ का विनियोजन**	
	1. रक्षित निधि	624802.00
	2. लाभांश निधि	162450.00
	3. भवन निधि	149952.00
	4. कम्प्यूटर निधि	149952.00
	5. वाहन निधि	149952.00
	6. प्रशिक्षण	149952.00
	संचित लाभ :–	**1112146.02**
	योग :–	**10038554.25**

बी.एल. सिंह
मुख्य लेखापाल

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

मे. व्ही एस के एण्ड कम्पनी
अंकेक्षक/चार्टेड एकाउन्टेन्ट्स

प्रतीक अग्रवाल (पार्टनर)

सायबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण सम्पन्न

छतरपुर। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्या., भोपाल द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, नौगांव जिला छतरपुर द्वारा माह जुलाई 2024 में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या., दतरपुर की महाराजपुर, लवकुशनगर, हरपालपुर, घुवारा, बिजावर तथा गौरीहार बैंक शाखाओं में बैंक सायबर सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बैंक अधिकारियों वकर्मचारियों सहित सम्बद्ध पैक्स संस्थाओं के कर्मचारियों द्वारा बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लिया गया। बैंक, सायबर अपराध के प्रकार तरीके बचाव उपाय तथा कानूनी पहलू पर प्रशिक्षण दिया गया। संबंधित नोट्स भी वितरित किये गये। सभी ने प्रशिक्षण को समयानुकुल तथा उपयोगी बताया। आगे भी इस प्रकार के प्रशिक्षण के लिये अनुरोध किया गया । केन्द्र नौगांव के प्राचार्य श्री शिरीष पुरोहित तथा जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक श्री हदेश कुमार राय द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सुविधा साख सहकारी समिति भोपाल में दिनांक 14.07.2024 सायबर अपराध पर जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम मे म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्या. की कम्प्यूटर व्याख्याता श्रीमति मीनाक्षी बान द्वारा प्रशिक्षित किया गया समिति के सदस्यों द्वारा उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया गया।

वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत प्रशिक्षण

जबलपुर। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत गुरू शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम जबलपुर में दिनांक 19.07.2024 से 18.09.2024 तक क्राफ्ट - कढाई पर शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ के रूप में मास्टर ट्रेनर कढाई मोनिका मुद्रल के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उज्जैन। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत गुरू शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम 50 दिवसीय भार्गव नगर जिला उज्जैन में दिनांक 05.07.2024 से 04.09.2024 तक क्राफ्ट - कढाई पर शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ के रूप में मास्टर ट्रेनर कढाई प्रीति साठे के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इंदौर। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत डिजाइन एवं तकनीकी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम इंदौर में दिनांक 18.07.2024 से 17.09.2024 तक क्राफ्ट - बटिक प्रिंट पर शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ के रूप में मास्टर ट्रेनर बटिक प्रिंट सुश्री अस्मिता सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

धार। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत डिजाईन एवं तकनीकी विकास कार्यशाला बाग जिला धार में दिनांक 06.07.2024 से 05.09.2024 तक बाग ब्लॉक प्रिंटिंग पर शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ के रूप में मास्टर ट्रेनर सुश्री नीलम शर्मा के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

भोपाल। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित वृहद हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना (सी.एच.सी.डी.एस.) के अंतर्गत डिजायन एवं तकनीकी विकास कार्यशाला भोपाल कोच फेक्ट्री करारिया, भोपाल में दिनांक 28.06.2024 से 27.08.2024 तक कढाई शिल्प पर शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की विषय विशेषज्ञ के रूप में मास्टर ट्रेनर कढाई श्रीमति रूकमणी पवार के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

म.प्र.राज्य सहकारी संघ मर्यादित,
भोपाल द्वारा संचालित
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय भोपाल से सम्बद्ध

शीघ्र आयें प्रवेश पायें

PGDCA
(योग्यता - स्तानक उत्तीर्ण)
कुल फीस 12000/-

DCA
(योग्यता -10 +2 उत्तीर्ण)
कुल फीस 10000/-

संपर्क :-
सहकारी कम्प्यूटर एवं प्रबंध प्रशिक्षण केंद्र
ई- 8/77 शाहपुरा ,त्रिलंगा ,भोपाल
फोन : 0755-2926160, 2926159
मो. 9826060594, 9893281971, 8770988938
Website-www.mpscu.in
Web Portal-www.mpscuonline.in
Email-rajyasanghbpl@yahoo.co.in
सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र
किला मैदान इंदौर, म.प्र. पिन – 452006
मो. 913139234, 8109186990, 7974058199
Email - ctcindore@rediffmail.com

म.प्र. राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल की ओर से प्रकाशक, मुद्रक गणेश प्रसाद मांझी द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी मुद्रणालय परिमित, भोपाल से मुद्रित एवं ई-8/77, शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रबंध सम्पादक : ऋतुराज रंजन, संपादक : गणेश प्रसाद मांझी
डॉक पंजीयन क्रमांक : म.प्र./भोपाल/357/2021-23 मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967, फोन : 2926159, 2926160, इस अंक में प्रकाशित रचनाओं में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जिनमें संपादकीय सहमति आवश्यक नहीं है।